लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ हरि भूमि ........
दिनांक 26.10.2019 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 3-8

## कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग केड पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# विद्यार्थी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें : डॉ. संजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग केड पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

■ समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए

का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थी।

डॉ. संजेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हे समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है।

इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। उन्होंने छात्राओं से अधिक प्रतिस्पर्धी बनने तथा रोजगार के अधिक अवसर हासिल करने के लिए अनिवार्य रूप से कंप्यूटर कौशल प्राप्त करने का आह्वान किया।

उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेंद्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रोज, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।



हिसार। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते डॉ. संजेश सिंह।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण
दिनांक: 26.10.2019 पृष्ठ सं. 17 कॉलम 4-8

# समय का सदुपयोग कर योजनाबद्ध कार्य करें : डा. संजेश

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डा. संजेश सिंह मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। आज के डिजिटल युग में कप्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। उन्होंने छात्राओं से अधिक प्रतिस्पर्धी बनने का आह्वान किया और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।



डा. संजेश सिंह प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरीत करती हुई। • जागरण

## कंप्यूटर से स्कैच तैयार करना क्यों जरूरी

गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा ने कहा कि कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (कैड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते हैं। भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन बनाने में बहुत समय व मेहनत लगती है।

## प्रशिक्षण का यह है उद्देश्य

प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डा. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामर्स के प्रति जागरूकता पैदा करना था। प्रशिक्षण को विशेष रूप से विभिन्न सॉफ्टवेयर्स के माध्यम से कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग की बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 27.10.2019 पृष्ठ सं. 8 कॉलम 1-2

# विद्यार्थी समय का सदुपयोग कर योजनाबद्ध कार्य करें: डॉ. संजेश



डॉ. संजेश सिंह प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए।

हिसार | एचएयू के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्यातिथि थी। डॉ. संजेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए, ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। उन्होंने छात्राओं से अधिक प्रतिस्पर्धी बनने तथा रोजगार के अधिक अवसर हासिल करने के लिए अनिवार्य रूप से कंप्यूटर कौशल प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है, ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्राम्स के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हें सशक्त बनाना था। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रोज, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 26.10.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 6

# विद्यार्थी समय का सदुपयोग कर योजनाबद्ध कार्य करें : डा. संजेश

हिसार, 25 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्यातिथि थी।

डॉ. संजेश ने कहा कि समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए।

इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते हैं।

प्रशिक्षण को विशेष रूप से विभिन्न सॉफ्टवेयर्स के माध्यम से कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग की बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. नीलम रोज, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य वैज्ञानिक, व कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोक संपर्क कार्यालय
# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ अमर उजाला ........
दिनांक 26 : 10 : 2017 ........ पृष्ठ सं. ........ 6 ........ कॉलम ........ 6 ........

## विद्यार्थी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें : डॉ. संजेश

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की पत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थीं।

डॉ. संजेश सिंह ने कहा कि उन्हें समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हर विद्यार्थी को कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। डॉ. संजेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए अपने विचारों और डिजाइनों के प्रोटोटाइप को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक होगा। गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला ढांडा ने कहा कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते हैं। ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर प्रशिक्षण संयोजिका डॉ. निशा आर्य, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेंद्र सांगवान ने निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रोज आदि मौजूद रहीं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...नित्य शक्ति टाइम्स...

दिनांक 25.10.2019 पृष्ठ सं. 8 कॉलम 1-5

# समय का सदुपयोग कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें विद्यार्थी : डॉ. संजेश

हिसार, 25 अक्तूबर (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थी।

डॉ. संजेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। आज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कंप्यूटर का प्रयोग तथा लगभग सभी प्रकार के रोजगार प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर कौशल अनिवार्य योग्यता बन गई है। उन्होंने छात्राओं से अधिक प्रतिस्पर्धी बनने तथा रोजगार के अधिक अवसर हासिल करने के लिए अनिवार्य रूप से कंप्यूटर कौशल प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग विषय ट्रेनिंग की आवश्यकता का समर्थन करते हुए कहा कि इस प्रकार की ट्रेनिंग आज के समय की जरूरत है ताकि वर्तमान समय में डिजिटल इंडिया प्रोग्राम को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

डॉ. संजेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए अपने विचारों और डिजाइनों के प्रोटोटाइप को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक होगा। कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग द्वारा किसी भी प्लान को आसानी से बनाया जा सकता है, जो आज के समय में बहुत उपयोगी व सरल है।

यह छात्रों को विभिन्न दृष्टिकोणों में अपने काम को अधिक प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने में भी सक्षम करेगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को अपनी रचनात्मकता को विकसित करने और कंप्यूटर एडेड डिजाइन के मूलभूत सिद्धांतों और कौशल को सीखने का अवसर मिलेगा।



गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है। प्रशिक्षण संयोजिका व वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हें सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण को विशेष रूप से विभिन्न सॉफ्टवेयर्स के माध्यम से कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग की बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डा. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रोज़, सभी विभागाध्यक्ष, अन्य वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम सिटी पल्स
दिनांक 25.10.2019 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 1-4

# विद्यार्थी समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें: डॉ. संजेश

## हकृवि में आयोजित कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय में कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की धर्मपत्नी डॉ. संजेश सिंह मुख्य अतिथि थी।

डॉ. संजेश सिंह ने कहा कि उन्हे समय का सदुपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से अपने कार्यों को पूर्ण करना चाहिए। विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन व समय प्रबंधन को अहम स्थान देना चाहिए ताकि वह अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। आज के डिजिटल युग में कम्प्यूटर का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए हर विद्यार्थी को कम्प्यूटर का ज्ञान प्राप्त करना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्राओं से अधिक प्रतिस्पर्धी बनने तथा रोजगार के अधिक अवसर हासिल करने के लिए अनिवार्य रूप से कंप्यूटर कौशल प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।



हिसार। डॉ. संजेश सिंह प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते हुए।

डॉ. संजेश ने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के लिए अपने विचारों और डिजाइनों के प्रोटोटाइप को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने में सहायक होगा। कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग द्वारा किसी भी प्लान को आसानी से बनाया जा सकता है, जो आज के समय में बहुत उपयोगी व सरल है।

गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कम्प्यूटर एडेड डिजाइनिंग (केड) की सहायता से हम बहुत आसानी से नए नए डिजाइन बहुत कम समय में तैयार कर सकते है तथा भविष्य के लिए इसे सुरक्षित भी कर सकते है। जबकि हाथों से डिजाइन स्केच बनाना, डिजाइन पैटर्न बनाना, कपड़े पर रखकर काटना, उसमें अलग-अलग स्टाइल बनाना- इन सबमें बहुत समय व मेहनत लगती है।

वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग की वैज्ञानिक डॉ. निशा आर्य ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कम्प्यूटर व कम्प्यूटर प्रोग्रामस के प्रति जागरूकता पैदा करना व डिजिटल लिहाज से पूर्णरूप से ज्ञान दे कर उन्हे सशक्त बनाना था। प्रशिक्षण को विशेष रूप से विभिन्न सॉफ्टवेयर्स के माध्यम से कंप्यूटर एडेड डिजाइनिंग की बुनियादी अवधारणाओं को मजबूत करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था।

इस अवसर पर सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया व निदेशालय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रोज़, सभी विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक व कर्मचारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 26.10.2019 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

# स्टेटिस्टिकल डाटा एनैलाइसिस विषय पर प्रशिक्षण का समापन



*प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डा. मंजू टांक व अन्य अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के साथ।*

हिसार, 25 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के काउंसिलिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्ज के लिए स्टेटिस्टिकल डाटा एनैलाइसिस विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कालेज के कंप्यूटर सैंटर में आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. रामनिवास श्योकंद थे। इस अवसर पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्रोफैसर डा. मंजू टांक मुख्यातिथि थी। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से डाटा एनैलाइसिस ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसंधान कार्यों में डाटा का महत्व तभी है जब उसका अच्छी तरह एनैलाइसिस करके उसे शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....हरि भूमि....
दिनांक...26.10.2019... पृष्ठ सं....14.... कॉलम....1....

खबर संक्षेप



## प्रशिक्षण शिविर लगाया

हिसार। हकृवि के काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा रिसर्च स्कॉलजर् के लिए स्टेटिस्टिकल डाटा एनेलाइसिस विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कालेज के कंप्यूटर सैंटर में आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. रामनिवास श्योकंद थे।इस अवसर पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. मंजू टांक मुख्य अतिथि थी। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से डाटा एनेलाइसिस ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसंधान कार्यों में डाटा का महत्व तभी है जब उसका अच्छी तरह एनेलाइसिस करके उसे शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...... दैनिक जागरण ......
दिनांक 26.10.2019 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 7-8

# 36 विद्यार्थियों ने लिया डाटा आकलन का प्रशिक्षण

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स के लिए स्टेटिस्टिकल डाटा एनालाइसिस विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। विवि के बेसिक साइंस कालेज के कंप्यूटर सेंटर में आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डा. रामनिवास श्योकंद रहे। इस अवसर पर गणित एवं सांख्यिकीय विभाग की प्रोफेसर डॉ. मंजू टाक मुख्य अतिथि रहीं।

उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से डाटा एनेलाइसिस ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसंधान कार्यों में डाटा का महत्व तभी है जब उसका अच्छी तरह एनालाइसिस करके उसे शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........

दिनांक 25-10-2019...... पृष्ठ सं.......3......... कॉलम 1-4.........

# एचएयू में स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल द्वारा रिसर्च स्कॉलर्ज़ के लिए स्टेटिस्टिकल डाटा एनालीसिस विषय पर आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस कालेज के कंप्यूटर सैंटर में आयोजित किए जा रहे इस प्रशिक्षण में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण के संयोजक डॉ. रामनिवास स्योकंद थे।

इस अवसर पर गणित एवं सांख्यिकी विभाग की प्रोफेसर डॉ. मंजू टांक मुख्य अतिथि थी। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों से डाटा एनालीसिस ट्रेनिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुसंधान कार्यों में डाटा का महत्व तभी है जब उसका अच्छी तरह एनालीसिस करके उसे शोध पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।



*हिसार। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू टांक व अन्य अधिकारी प्रशिक्षणार्थियों के साथ।*

काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के सहनिदेशक डॉ. ओमेन्द्र सांगवान ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।